IQAC of Government College for Women

MAHENDRAGARH

in collaboration with

Medha Learning Foundation

is organizing

FACULTY ADVANCEMENT BOOTCAMP

on the lines of

National Education Policy - 2020

on 27th and 28th February 2023 (12.00 PM -04.00 PM)

under MoU signed with the Department of Higher Education, Haryana and conducted by Medha Learning Foundation.

All the faculty members are cordially invited.

Resource Person - Mr. Sanjay Jha

Patron
Sh. Sanjay Joshi
Principal

Convener
Dr. Mahesh Singh
Associate Professor

Organizing Committee

Sh. Mahender Singh, Mrs. Kavita Rani, Dr. Makhan Singh, Sh. Tirtharaj Sharma, Dr. Kiran Yadav

नई शिक्षा नीति पर दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

- नीति की मंशा एवं भावना सीखने व समझने का आग्रह किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत नई शिक्षा नीति-2020 पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य संजय जोशी एवं कार्यशाला संयोजक डॉ. महेश सिंह द्वारा किया गया। प्राचार्य संजय जोशी ने बताया कि कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के विजन, मिशन और दर्शन को समझाना है। इससे नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम, प्रासंगिक शिक्षाशास्त्र एवं उसके मूल्यांकन, सार्वभौमिकरण के समावेश, बचपन की देखभाल में शिक्षा के महत्व और शिक्षा मूल्यों के साथ जीवन कौशल की संभावना के बारे में भी बताया जाएगा। कार्यशाला संयोजक डॉ. महेश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर मूल्यांकन में गुणवत्ता के सत्र को बढ़ाने में किसी भी संस्थान के फैकल्टी मेंबर की गुणवत्ता बढ़ाने में कार्यशालाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी शिक्षकों से नई शिक्षा प्रणाली से बेहतर परिणाम के लिए नीति की मंशा एवं भावना सीखने व समझने का आग्रह किया।

कार्यक्रम

राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

गुणवत्ता बढ़ाने में कार्यशालाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। राजकीय महिला महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम के तहत नई शिक्षा नीति 2020 पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य संजय जोशी व कार्यशाला संयोजक डॉ. महेश सिंह ने कहा कि कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के विजन, मिशन और दर्शन को समझाना है।

कार्यशाला में संबोधित करते प्राचार्य संजय जोशी। संवाद

कार्यशाला के संयोजक डॉ. महेश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर मूल्यांकन में गुणवत्ता के सत्र को बढ़ाने में किसी भी संस्थान के फैकल्टी मेंबर की गुणवत्ता बढ़ाने में कार्यशालाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी शिक्षकों से नई शिक्षा प्रणाली से बेहतर परिणाम के लिए नीति की मंशा और भावना सीखने और समझने का आग्रह किया।

कार्यशाला में तुषार पुंडीर, प्रोजेक्ट समर्थ मैनेजर, संजय कुमार झा, मुख्य वक्ता मेधा लर्निंग फाउंडेशन हरियाणा, यतेंद्र प्रताप प्रोजेक्ट समर्थ रिलेशनशिप मैनेजर मेधा लर्निंग फाउंडेशन हरियाणा दो दिन तक शैक्षणिक स्टाफ को प्रशिक्षण देंगें।

कार्यशाला के प्रथम दिन संजय कुमार झा ने बताया कि कार्यशाला में यतेंद्र प्रताप प्रोजेक्ट समर्थ रिलेशनशिप मैनेजर ने 21वीं सदी के कौशल तथा दार्शनिक एवं शिक्षाविद पर चर्चा की। इसके अलावा कार्यशाला के अन्य पहलूओं के बारे में भी शिक्षकों जानकारी दी गई।